उत्तराखण्ड पावर
कारपोरेशन लि०

# उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

# Uttarakhand Power Corporation Ltd.

(A. Govt. of Uttarakhand Undertaking)

CIN : U40109UR2001SGC025867

Email Id: do.upcl@yahoo.co.in Website: www.upcl.org

पत्रांक 5016 / निदे0(परिचालन) / उपाकालि M-20 दिनांक 10/10/2025

## कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा माननीय उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के समक्ष उपाकालि द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु निकट भविष्य में प्रस्तुत किये जाने वाले Annual Revenue Requirement (ARR) के दृष्टिगत आदेशित किया जाता है कि ई.आर.पी. प्रणाली के माध्यम से निर्मित किये गये Capital Work In Progress (CWIP) एवं Asset को तैयार करते समय होने वाली संभावित त्रुटियों पर नियंत्रण / रोकथाम हेतु निम्नलिखित कार्यवाही, अनिवार्य रूप से 31 अक्टूबर, 2025 तक पूर्ण कर ली जाये जिससे उपाकालि द्वारा मा0 आयोग को ए0आर0आर0 सम्बन्धी सुस्पष्ट एवं त्रुटिरहित वांछित अभिलेख उपलब्ध कराया जा सके :–

1. Asset तैयार करते समय प्रविष्ट किये गये विवरण (Description of Asset) का मिलान, तद्सम्बन्धित प्राकल्लन में उल्लेखित विवरण (Description of Estimate) से कर लिया जाना सुनिश्चित किया जाये।
2. Asset के विवरण के अनुरूप ही Asset Class एवं Sub Class का चयन सुनिश्चित किया जाये।
3. Asset के प्रकार के अनुरूप ही इकाई एवं मात्रा का सही चयन सुनिश्चित किया जाये।
4. Asset की प्रति इकाई दर की मैनुअल गणना के साथ क्रॉस चैकिंग भी सुनिश्चित कर ली जाये।
5. परिवर्तकों की ट्रैकिंग हेतु Equipment Number को ई.आर.पी. प्रणाली में अनिवार्यतः मैप कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी आदेशित किया जाता है कि ई0आर0पी0 प्रणाली के अन्तर्गत किसी भी Project/Estimate के सापेक्ष निर्मित किये गये Capital Asset से सम्बन्धित अभिलेखों जैसे कि Work Completion Report, Measurement Details, Electrical Inspector Certificates/Payment Receipt इत्यादि संकलित / संग्रहित कर लिये जायें।

(एम0आर0 आर्य)
निदेशक (परिचालन)

**पत्रांक / निदे0(परिचालन) / उपाकालि दिनांक**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. स्टॉफ ऑफिसर–1, कार्यालय प्रबन्ध निदेशक, उपाकालि, वि0क्रा0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
2. निदेशक (परियोजना / वित्त), उपाकालि, वि0क्रा0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
3. प्रोसेस ऑनर (MM/FICO), उपाकालि, वि0क्रा0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
4. मुख्य अभियन्ता (सी0एस0एस0 एवं ई0ए0पी0), उपाकालि, वि0क्रा0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
5. समस्त मुख्य अभियन्ता, उपाकालि, ..................................
6. समस्त महाप्रबन्धक (वित्त), उपाकालि, ..................................
7. समस्त उप महाप्रबन्धक (वित्त), उपाकालि, ..................................
8. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उपाकालि, ..................................
9. अधीक्षण अभियन्ता (आई0टी0, स्काडा, ई0आर0पी0) / (एम0एम0), उपाकालि, वि0क्रा0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
10. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उपाकालि, ...................... ।
11. अधिशासी अभियन्ता (आई0टी0), उपाकालि, वि0क्रा0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि कार्यालय ज्ञाप को उपाकालि वैब साईट पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करें।